हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 12 अगस्त 2025

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 एथेनाल प्लांट से बढ़ी मक्का की मांग भाव ने बढ़ाया...



07 राजा भभूत सिंह महाविद्यालय पचमढ़ी में...




## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री राकेश सिंह नगर में करेंगे झंडावंदन

**नर्मदापुरम।** लोक निमार्ण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होनें वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के दौरान मुख्य अतिथी के रूप में झंडावंदन करेंगे।

### राज्यपाल पचमढ़ी में करेंगे ध्वजारोहण

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल 15 अगस्त को पचमढ़ी के राज भवन में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। तत्संबंध में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को प्रमुख सचिव नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में राजभवन पचमढ़ी में बैठक आयोजित की गई। प्रमुख सचिव कोठारी ने अवगत कराया कि राज्यपाल मंगूभाई पटेल का 14 अगस्त को ही पचमढ़ी आगमन होगा। 15 अगस्त को महामहिम राज्यपाल राज भवन में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर राज भवन भोपाल एवं अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले होंगे पुरस्कृत

**नर्मदापुरम।** सड़क दुर्घटनाओं के बाद स्वर्णिम घंटा के भीतर समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा ‘राह-वीर योजना’ संचालित की जा रही है।

### विकास को लेकर बेहतर 10 पंचायत होंगी पुरस्कृत

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में आये दिन योजनाओं में किये गए कार्यों को लेकर प्रदेश में नर्मदापुरम का नाम रोशन रहा है नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत द्वारा लगातार जिले में जमीनीस्तर से भृमण कर योजनाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी कर रहे हैं। वहीं जिले की अलग-अलग ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की अभियानों, योजनाओं की समीक्षा

# शालाओं, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण में कोताही न बरतें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए कि जिले में हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत पूरी देशभक्ति एवं जोश के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

उन्होंने कहा कि अभियान अवधि होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की देशभक्ति से उत्प्रोत संवाद, तिरंगा रैली, पैदल मार्च आदि अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उक्त संबंध में जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान अवधि के तहत बाइक रैली, पैदल मार्च, तिरंगा संवाद जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने योजनाओं की समीक्षा की।




### एनआरएलएम की दीदीयां लगाएंगी प्रदर्शनी

बैठक में सीईओ रावत ने बताया कि एनआरएलएम एवं एसआरएलएम की दीदियों के समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि देशभक्ति एवं स्वच्छता पर आधारित रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी।

### सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों का करें निराकरण

समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन पर विभागों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए की समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में अपनी स्थिति सुधारे। उन्होंने वन विभाग, सीसीबी, श्रम, स्वास्थ्य, पशुपालन, ऊर्जा आदि अन्य विभागों के सीएम हेल्पलाइन शिकायत के निराकरण में आशा अनुरूप प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की आगामी एक सप्ताह में प्रगति प्रतिशत को बढ़ाया तथा रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाएं। उ कलेक्टर ने कहा कि समस्त संबंधित विभाग सबसे पुरानी शिकायतों पर विशेष रूप से फोकस करें। उन्होंने कहा कि सीईओ जिला पंचायत जनपद पंचायत के सीईओ के वीसी के माध्यम से नियमित रिव्यू करे। जिन अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह में सीएम हेल्पलाइन में अपेक्षित प्रगति प्राप्त नहीं की जाती है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जागी।

### सभी अधिकारी सतत करें निरीक्षण

कलेक्टर ने बैठक के दौरान निर्देश दिए की सभी अधिकारी नियमित रूप से शालाओं आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का जारी आदेशानुसार भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों तथा समस्याओं की रिपोर्ट तैयार कर परख ऐप पर अपडेट की जाए। साथ ही उन्होंने समस्याओं एवं कमियों का आकलन कर उनमें सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नेशनल हाइवे 46 पर दर्दनाक हादसा, एक युवक की मौत

### दो लोग गंभीर रूप से घायल, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नेशनल हाईवे 46 पर 9 अगस्त को हुए एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। एक बाइक पर तीन युवक सहेली स्टेडियम में हुए विश्व आदिवासी दिवस के सम्मेलन से लौट रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। बाइक सवार तीन युवकों को रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

हादसा पेट्रोल पंप के पास शाम को 7:30 बजे हुआ। दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक राधाकिशन चौहान 23 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। 2 अन्य युवकों में से 1 गंभीर घायल है, जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भोबदा रैयत निवासी राधाकिशन अपने साथी अशोक और मनोज के साथ बाइक से घर लौट रहा था। तभी अचानक रॉन्ग साइड से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर में राधाकिशन के सिर में गंभीर चोटें आईं उसने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। बाइक पर पीछे बैठे अशोक के घुटने में रॉड घुस गई, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। तीसरे साथी मनोज को मामूली चोटें आई है। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।

शव को रात में ही सुखतवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीनबंधु बरुआ ने रविवार को पोस्टमार्टम किया। डॉ. बरुआ ने बताया कि मृतक की मौत सिर के पीछे लगी गंभीर चोट के कारण हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि घायल अशोक के घुटने में रॉड घुस गई थी, जिसके कारण उसे रेफर किया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### जिला रेडक्रास साधारण सभा की बैठक 25 को

**नर्मदापुरम।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार, जिला रेडक्रास शाखा नर्मदापुरम की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना की अध्यक्षता में 25 अगस्तको रेवा सभा कक्ष कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई है।

## नशे में धुम कांस्टेबल पहुंचा दादा दरबार, दिखाया वर्दी का रौब, जमकर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में एक पुलिसकर्मी शराब के नशे में धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचा और जमकर हंगामा किया। सेवादारों के टोकने पर उन्हें वर्दी की धौंस दिखाई। झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की मेडिकल जांच कराई है। टीआई ने वैधानिक कार्रवाई की बात कही है।

मामला रविवार रात 10:45 बजे हैप्पी मैरिज गार्डन का है। यहां बीते दो महीने से दादाजी धूनी वाले का दरबार लगा है। बड़ी संख्या में लोग यहां रोज पहुंच रहे हैं। जिनके लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। दरबार के सेवादार साहब सिंह ने बताया- पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक रूपेश नरवरे टी-शर्ट और शॉर्टस पहनकर दरबार में आया था। उसके मुंह से शराब की



बदबू आ रही थी। उसने भोजन कक्ष में जाकर थाली ली। फिर खाना अधूरा छोड़कर फेंकने लगा। सेवादारों ने टोका तो वह उन्हें धमकाने लगा।सेवादारों ने उसे गार्डन के हॉल में बैठाया और पुलिस को फोन लगा दिया। रात करीब 11 बजे कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचीं। रूपेश को थाने ले आए। टीआई ने जरूरी एक्शन लेने की बात कही है।

## भोपाल में हवाई उड़ानों की संख्या बढ़ाने सांसद नारोलिया ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू से शिष्टाचार भेंट कर भोपाल से दिल्ली एवं पुणे के लिए हवाई उड़ानों की संख्या में वृद्धि किए जाने का आग्रह किया। नारोलिया ने बताया कि भोपाल, जो कि मध्य भारत का प्रमुख शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं औद्योगिक केंद्र है, वहां से देश के प्रमुख महानगरों के लिए सीमित उड़ान सेवाएं उपलब्ध हैं। इभोपाल से दिल्ली और भोपाल से पुणे के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने



बताया कि वर्तमान में दिल्ली से भोपाल के लिए सुबह 4:25 बजे और 5:05 बजे दो उड़ानें हैं, जिसके बाद सीधी उड़ान दोपहर 2:15 बजे उपलब्ध होती है। इसके बाद अगली फ्लाइट शाम 7:00 बजे है। सुबह से दोपहर और दोपहर से शाम तक की इस अवधि में यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। इसी प्रकार, भोपाल से दिल्ली के लिए सुबह 6:25 बजे और 7:00 बजे उड़ानों के बाद अगली फ्लाइट सीधे शाम 4:25 बजे और फिर 8:55 बजे है, जो यात्रियों की सुविधा के अनुरूप नहीं है। श्रीमती नारोलिया ने आग्रह किया कि इन समय में कम-से-कम एक-एक अतिरिक्त उड़ान चलाई जाए। उन्होंने यह भी बताया कि भोपाल से पुणे के लिए वर्तमान में केवल एक सीधी उड़ान है, जबकि यह मार्ग छात्रों, आईटी प्रोफेशनल्स, रक्षा कर्मियों एवं व्यापारिक यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एकमात्र उड़ान होने के कारण यात्रियों को सीट की उपलब्धता और समय को लेकर नियमित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मंत्री श्री नायडू ने राज्यसांसद द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## जिले में एचआईवी एड्स से बचाव व नियंत्रण के लिए चलेगा सघन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एचआईवी-एड्स से बचाव एवं नियंत्रण के लिए नर्मदापुरम जिले में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2025 तक दो माह का सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत युवाओं और आमजन को विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से एचआईवी और एड्स की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रियता बढ़ा रहा है। अभियान अवधि में रैली, निबंध प्रतियोगिता, संवाद, नुक्कड़ नाटक, कार्यशालाएं और अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से, दिशा क्लस्टर, रेड रिबन क्लब, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रियांशी एनजीओ, टीआई एनजीओ और सामाजिक संगठनों की सहभागिता से किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत निजी स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामों, शहरी मलिन बस्तियों और चिन्हित स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में हाल ही में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें जिले से जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका दुबे, प्रभारी जिला मीडिया सुनील साहू और दिशा से हेमंत पटेल ने सहभागिता की।

जिले में वर्तमान में नर्मदापुरम और इटारसी में आईसीटीसी सेंटर संचालित हैं, जहां एचआईवी की जांच की सुविधा उपलब्ध है और जांच परिणाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाता है।

जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य एचआईवी संक्रमित एवं प्रभावित व्यक्तियों के साथ हो रहे भेदभाव को कम करना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। अभियान के दौरान कंडोम, एसटीआई सेवाएं और एनएसीपीवी के तहत उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होंगे जिले के श्याम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के होमगार्ड सैनिक श्याम सिंह राजपूत को राष्ट्रपति गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उन्हें यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों दिया जाएगा। यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में असाधारण सेवाओं के लिए प्रदान किया जाता है। श्याम सिंह का चयन उनके 26 वर्षों की समर्पित सेवाओं को देखते हुए किया गया है, जिसमें उन्होंने बाढ़, जलभराव, मेले, पर्वों और विशेष आयोजनों में राहत व बचाव



कार्यों के दौरान कई बार अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाई है।

### चार होमगार्ड अधिकारियों को मिला राष्ट्रपति पदक

इस वर्ष मध्यप्रदेश से चार होमगार्ड अधिकारियों को यह प्रतिष्ठित पदक मिल रहा है। जिनमें श्याम सिंह का चयन हुआ है।

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही, 29 हजार से अधिक जुर्माना वसूला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में सड़क सुरक्षा अंतर्गत हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत बिना हेलमेट यात्रा करने वाले दो पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग किए जाने की समझाइश दी जा रही है तथा नियमित रूप से हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। साथ ही परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस विभाग द्वारा निशुल्क हेलमेट वितरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में नर्मदापुरम में बाबई इटारसी बायपास रोड एवं वरदान पेट्रोल पंप के समीप चेकिंग के दौरान 46 चालान बनाकर 15



हजार 200 का जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार सुहागपुर तहसील अंतर्गत 8 चालान बनाकर 2400 रुपए का जुर्माना, पिपरिया अंतर्गत 6 चालान बनाकर 2200 रुपए का जुर्माना, इटारसी अंतर्गत 30 चलन से 9000 रुपए जुर्माना एवं सिवनी मालवा से एक चालान बनाकर 300 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा 23 चालान बनाकर 7900 रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस विभाग द्वारा 15 हेलमेट का निशुल्क वितरण भी किया गया।

## श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की शोध संगोष्ठी का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा आज नर्मदापुरम में शोध संगोष्ठी “पुरुषार्थ” का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से अग्रणी शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में होगा। न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन.पी. नामदेव ने बताया कि “पुरुषार्थ” न्यास की मासिक शोध संगोष्ठी श्रृंखला है और इसका प्रथम आयोजन नगर में किया जा रहा है।

संगोष्ठी में “रामायणकालीन अभियांत्रिकी” विषय पर इंदौर के वरिष्ठ अभियंता एवं शोधार्थी श्रीनिवास कुटुम्बले तथा “जीवन प्रबंधन में श्रीरामचंद्र जी और वर्तमान समय में युवाओं को इसकी आवश्यकता” विषय पर नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं शोधार्थी डॉ.




आदित्य शुक्ल उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथी के रूप उपस्थि रहेंगे। नामदेव ने बताया कि श्रीराम वन गमन के मध्यप्रदेश में चिन्हांकित 23 स्थलों में से 02 स्थल नर्मदापुरम जिले में श्रीराम मंदिर, माच्छा एवं श्रीराम मंदिर, पासीघाट स्थित हैं। इन स्थलों के विकास के साथ ही चिन्हित जिलों में श्रीरामचंद्र केंद्रित शोध संगोष्ठी एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नर्मदापुरम में यह शोध संगोष्ठी आयोजित हो रही है।

### एकलव्य फाउंडेशन एवं ओरेकल इंडिया ने केसला में किया आयोजन

## आदिवासी दिवस पर बच्चों ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग, रैली से हुई कार्यक्रम की शुरूआत, बच्चों ने किया जागरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन केसला ब्लॉक में बड़े उत्साह और सांस्कृतिक उमंग के साथ किया गया। एकलव्य फाउंडेशन एवं ओरेकल इंडिया के वित्तीय सहयोग से संचालित 15 शिक्षा प्रोत्साहन केंद्रों और 4 टेमिल केंद्रों के लगभग 367 बच्चों ने इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत रंग-बिरंगी रैली से हुई, जिसमें बच्चों ने आदिवासी संस्कृति और अधिकारों को लेकर जनजागरूकता संदेश दिए। इसके पश्चात बच्चों ने पारंपरिक गोंडी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। मेहंदी सजाने और चित्रकारी प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा देखने लायक रही। इस अवसर पर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। बच्चों




को उनके संघर्ष और बलिदान की कहानियाँ सुनाई गईं, जिससे उनमें गर्व और प्रेरणा की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नारों और पोस्टरों के माध्यम से अपनी संस्कृति को सहेजने और आगे बढ़ाने का संदेश दिया। आयोजन में ग्रामीण समुदाय और अभिभावकों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पूरे कार्यक्रम में एकलव्य टीम केसला की सक्रिय भूमिका रही, वहीं स्थानीय युवाओं ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## न्यायाधीशों ने की प्रकरणों के निपटारे में सहयोग की अपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

न्यायालयीन प्रकरणों का निपटारा मीडिएशन अर्थात मध्यस्थता से कराना बेहतर होता है। इसके लिए प्रयास करने की बात न्यायाधीशों ने अधिवक्ताओं से शुक्रवार को आयोजित सोहागपुर तहसील विधिक साक्षरता समिति की बैठक में कही। मध्य प्रदेश राज्य



विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश अनुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक साक्षरता सेवा समिति सुरेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किया गया। दोपहर को अधिवक्ता संघ के सभा कक्ष में हुए शिविर में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी संगीता डाबर मौर्य एवं अधिवक्तागणों के बीच विधिक साक्षरता को लेकर गहन चर्चा व विचार हुए। तहसील विधिक साक्षरता समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे ने मीडिएशन के माध्यम से न्यायालय के प्रकरणों के निराकरण करने की बात कही। तथा इसके लिए अधिवक्ताओं से सहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो। इसके लिए अधिवक्ता अपने पक्षकारों को समझाइश दें।

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा दावा राशि का वितरण का आयोजन



**बैतूल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा राजस्थान के झुंझुनू जिले से किया गया। बैतूल जिले में जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल बाजार एवं प्रत्येक तहसील स्तर पर तहसीलों में कार्यक्रम किया गया जिसमे वर्ष रबी 2023-24, खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 की फसल बीमा दावा राशि 41.56 करोड़ रुपये 44773 किसानों के खातो में सिंगल क्लिक के माध्यम वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, भाजपा युवा मोर्चा बैतूल जिला मंडल अध्यक्ष बब्लू सुखा, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सुक्ला, जिला मंत्री कृषि भोला खंडेलवाल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जिनेंद्र वर्मा, केवीके एचओडी डॉ. विजय कुमार वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मेघा दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक संजीव कुमार वर्मा, एडीए दीपक सरियाम, एडीए सुरेंद्र पराते, एसएडीओ अलका कोडापे, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी से रीजनल मैनेजर त्रयंबकेश्वर तिवारी, जिला प्रबंधक राकेश कुमार बैरवा उपस्थित रहे।

### बैतूल बाजार में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**बैतूल बाजार।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को बैतूल बाजार नगर में भाजपा जिलाध्यक्ष की अगुआई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्गों से राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए, देशभक्ति के गीतों और नारों की गूंज के साथ यह यात्रा निकाली गई। रास्ते में यात्रा का स्वागत नागरिकों ने फूल बरसाकर किया। यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए, इतना ही नहीं देशभक्ति गीतों पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने तिरंगा लेकर जमकर डांस भी किया। दोपहर को परिषद के सामुदायिक भवन से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती संजय वर्मा सहित समस्त पार्षद एवं अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। यात्रा में देशभक्ति देश प्रेम से भरे गीत बज रहे थे। हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय वन्देमातरम के नारे भी लग रहे थे। इस यात्रा में लोगों में जमकर उत्साह था। भाजपा जिलाध्यक्ष अपने आप को नहीं पाए और तिरंगा लेकर जमकर डांस भी किया। यात्रा का पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया साथ ही चाय नाश्ते की व्यवस्था भी की। इस यात्रा में नगर के समस्त स्कूलों के बच्चे भी शामिल हुए यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सामुदायिक भवन लौटी जहां यात्रा का समापन किया गया।

## तीन साल में 28,518 हेक्टेयर बढ़ा मक्का बुआई का रकबा

# एथेनाल प्लांट से बढ़ी मक्का की मांग भाव ने बढ़ाया किसानों का रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आदिवासी बाहुल्य जिले में अब किसान मक्का की खेती की ओर बढ़ते जा रहे हैं। सोयाबीन का घटता उत्पादन, दाम कम होने और जिले में एथेनाल प्लांट खुलने से बढ़ी मांग के चलते किसान मक्का लगा रहे हैं। 3 साल में जिले में खरीफ सीजन में मक्का का रकबा 28518 हेक्टेयर बढ़ा है, जबकि सोयाबीन का रकबा 31494 हेक्टेयर घटा है। फसल के बदलते ट्रेंड के चलते अब किसान बारिश के साथ गर्मी में भी मक्का की बोवनी करने लगे हैं। मक्का की खेती में उत्पादन अधिक होने और दाम बेहतर मिलने से किसान इसकी ओर बढने लगे हैं। वैसे जिले में खरीफ सीजन में सोयाबीन मुख्य फसल मानी जाती थी। जिले के कुल साढ़े 4 लाख हेक्टेयर में से 2023 में 208494 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी होती थी, लेकिन अब यह घटकर इस सीजन में केवल 1 लाख 77 हजार हेक्टेयर रह गई है। वहीं मक्का का रकबा बढक़र 2 लाख 11 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इस सीजन में किसानों ने बारिश होने के पहले से ही मक्का की बोवनी शुरू कर दी थी। सोयाबीन फसल को बारिश व कीट प्रकोप (झल्ली लगने) के कारण किसानों को नुकसान हुआ, वहीं लागत बढ़ी और मंडियों में दाम कम मिलने के कारण किसानों का रुख मक्का फसल की ओर हुआ। क्योंकि यह फसल कम लागत में अच्छी पैदावार देती है।

### एक हेक्टेयर में 5 क्विंटल तक घटा सोयाबीन का उत्पादन

सोयाबीन के उत्पादन में एक हेक्टेयर में 5 क्विंटल तक घटा है। फसल में बीमारियां अधिक लगने लगी है, जिसका पता किसान को डेढ़ माह बाद लगता है। इसके कारण वह बचाव भी नहीं कर पाता है। उत्पादन घटने के साथ दाम भी घट रहे हैं। जबकि मक्का का उत्पादन सोयाबीन से चार गुना अधिक हो गया है। हालांकि मक्का और सोयाबीन में लागत बराबर ही लगती है, लेकिन उत्पादन अधिक होने के कारण किसान मक्का की ओर बढ़ रहे हैं। मक्के की मांग कई कारणों से बढ़ रही है। बढ़ती जनसंख्या, आहार में बदलाव, और पोल्ट्री, डेयरी, और इथेनॉल जैसे उद्योगों में मक्का का बढ़ता उपयोग इसके मुख्य कारण हैं। जिसके कारण मक्का उत्पादन बढ़ रहा है और मांग बढऩे से किसानों का कम लागत में बेहतर मुनाफा कमाने का मौका मिल रहा है।



### जिले में घट रहा सोयाबीन का रकबा

जिले में सोयाबीन के रकबे में कमी आने की प्रमुख वजह जलवायु परिवर्तन, कीटों का प्रकोप, रोगों का प्रभाव और किसानों के लिए कम आय होना भी है। जिसके कारण किसानों का सोयाबीन फसल से मोहभंग होता जा रहा है। 2023 में जिले में सोयाबीन का रकबा 208494 हेक्टेयर था, वहीं 2024 में घटकर 178011 हेक्टेयर रह गया, जबकि इस वर्ष 2025 में मात्र 177000 हेक्टेयर में ही सोयाबीन की बुआई हुई है। इसके पीछे किसान बताते है कि सोयाबीन की खेती की लागत अधिक होने के कारण किसान इसकी खेती से दूर हो रहे हैं। कई बार जिले में अत्यधिक बारिश के कारण फसल को नुकसान होता है। सोयाबीन की फसल को इल्लियों और अन्य कीटों से नुकसान होता है, जिससे उत्पादन कम हो जाता है।

### किसान दोनों सीजन में कर रहे मक्का की बोवनी

मक्का का जिले में अच्छा उत्पादन होने से किसानों का रूझान मक्का के प्रति बढ़ गया है। यहीं वजह है कि कृषि विभाग ने मक्के का रकबा बढ़ाकर 2 लाख 12 हजार हेक्टेयर कर दिया है। जबकि तीन साल पहले यानि 2023 में मक्के का रकबा मात्र 182717 हेक्टेयर मात्र हुआ करता था, जो अब धीरे-धीरे बढक़र 2025 में 211500 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। किसान बताते है कि जिले में एथेनाल प्लांट खुलने से मक्के की मांग बढ़ गई है। उत्पादन एक हेक्टेयर में 40 क्विंटल से अधिक होता है। मंडी और बाजार में डिमांड बढने से दाम भी अच्छे मिल रहे है। कम बारिश में भी मक्का फसल को नुकसान नहीं होता है। लागत सोयाबीन के बराबर लगती है, लेकिन उत्पादन अधिक होता है।

#### इनका कहना है

अतिवृष्टि, कीट व्याधि से सोयाबीन फसल को नुकसान होता है। कई बार किसानों की लागत तक नहीं निकल पाती है। इसलिए किसान अब मक्का बुवाई पर ज्यादा ध्यान देने लगे है। मार्केट में मक्का की डिमांड भी बढ़ रही है। जिसके कारण किसानों का रूझान मक्का की ओर बढ़ रहा है।

रामवीर सिंह राजपूत, एसडीओ, कृषि विभाग बैतूल

## हर घर तिरंगा अभियान

### आज बगडोना से सारनी तक निकालेगी भव्य वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत सोमवार को नगर के स्कूल के बच्चों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। मंगलवार को अभियान के तहत बगडोना से सारनी तक तिरंगा बाइक रैली निकाली जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को मानव श्रंखला निर्माण, साइकिल रैली का किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षदगण भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, प्रवीण सोनी, जफर अंसारी, आकाश पंद्राम, कार्यक्रम में नोडल अधिकारी केके भावसार, सहायक नोडल अधिकारी कमलेश पटेल, विनायक बागड़े, रंजीत डोंगरे, नागेंद्र निगम, पी.जे. शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त आयोजन कन्या स्कूल बाजार सारनी से बाजार चौक, स्टेट बैंक, जय स्तंभ होते हुए शहीद स्मारक तक किया गया। इस रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई जय स्तंभ चौक पहुंची। यहां बच्चों ने मानव श्रंखला बनाकर हर घर तिरंगा का संदेश दिया। अभियान के तहत बाइक रैली तिरंगा थीम पर 12 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे से आनंद परिसर बगडोना से शहीद स्मारक सारनी तक आयोजित की गई है। इस दौरान रैली शोभापुर स्टाप, हाइस्कूल, सुपर मार्केट, एस.बी.आई. चौक, अंबेडकर चौक, जैरी चौक, कालीमाई, सतपुड़ा तौल होते हुए पाथाखेड़ा जी.एम. आफिस चौक पहुंचेगी। यहां से पुराना बाजार, मस्जिद चौक, न्यू मार्केट, विजय क्रीडांगण होते हुए पाथाखेड़ा बस स्टैंड पहुंचेगी। यहां से रैली बैरियर, गुणवंत बाबा मंदिर, जय स्तंभ, शॉपिंग सेंटर होते हुए शहीद स्मारक बस स्टैंड के समक्ष समाप्त होगी। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम 13 अगस्त को शहीद स्मारकों पर होगा। इसी दिन मठारदेव मंदिर परिसर में स्व. सहायता समूह की महिलाओं की रंगोली स्पर्धा आयोजित की जाएगी। 14 अगस्त को स्मारक, शिलाफलकम पर पुष्पांजलि और शपथ कार्यक्रम होगा। शाम को यहां दीपों की रोशनी कर शहीदों को याद किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान का समापन 15 अगस्त को नगर पालिका कार्यालय में सुबह 9 बजे से होगा। सीएमओ ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में वाहन रैली में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी पर होती है विशेष साज-सज्जा

### बीजासनी मंदिर में मनेगा कृष्ण जन्मोत्सव



**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में आगामी 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक विशाल भजन संध्या का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया है, रात्रि 12 बजे भगवान का जन्म होगा, 56 भोग मिठाई, 11 किलो माखन मिश्री एवं पंजरी का भोग अर्पण किया जाएगा एवं महाआरती होगी जिसके पश्चात मिठाई, माखन मिश्री, साबूदाना खिचड़ी एवं पंजरी का भोग श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। मंदिर संस्थापक एवं समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में विशेष साजसज्जा की जाती है तथा सुंदर- सुंदर झांकियां मंदिर समिति के सदस्य मिलकर सजाते हैं। मंदिर समिति की ओर से उन्होंने समस्त धर्मप्रेमियों से इस आयोजन में बढ़ चढक़र शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### भुजरियों का पर्व धूमधाम से मनाया गया



**शाहपुर।** नगर के मां माचना नदी पर महिलाओं द्वारा अपने सिर पर भुजरियों को पैदल लेकर आया गया। सभी ने पूरे विधि विधान से भुजरिया माता की पूजा की और पूजन के बाद उनका पवित्र जल में विसर्जन किया गया। महिलाएं ढोल बाजे के साथ नृत्य में झूमते हुए नदी के तट पर पहुंची। उसके बाद सभी ने भगवान के श्री चरणों में भुजरिया अर्पण की और उसके बाद सभी ने एक दूसरे को भुजरिया देकर चरण स्पर्श किए।

## तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने आमला विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सारणी।** सोमवार को तहसीलदार, नायब तहसीलदार संघ जिला इकाई बैतूल द्वारा निरंतर छठवें दिन प्रांतीय आह्वान पर अपनी मांग को लेकर संयुक्त नवीन तहसील भवन बैतूल के समक्ष टेंट लगागर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे को ज्ञापन सौंपकर योजना की व्यवहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया।

तहसीलदार, नायब तहसीलदार संघ जिला इकाई बैतूल के अध्यक्ष गोवर्धन पाठे ने बताया कि कैबिनेट में न्यायिक व गैर न्यायिक दो भागों तहसीलदार, नायब तहसीलदार के विभाजन के निर्णय को जिला बैतूल सहित समूचे प्रदेश के तहसीलदार, नायब तहसीलदारों ने इसे वापस लेने के लिए अपना विरोध प्रदर्शन छठवें दिन भी जारी रखा है। प्रत्येक जिले में जिला इकाई द्वारा अपने क्षेत्र के कैबिनेट मंत्रियों व श्रेत्रिय विधायकों को ज्ञापन सौंप कर इस निर्णय की व्यवहारिक कठिनाइयों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया है, जिससे कि इस बात को मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में जा कर इस मुद्दे पर तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की मांग को लेकर पुनर्विचार किया जा सके। विरोध प्रदर्शन से न्यायालयों में प्रचलित नामान्तरण,बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के हजारों की संख्या में प्रकरणो में सुनवाई न होने से पक्षकार, किसानों बेहद परेशान हो रही है और पीठासीन अधिकारी न्यायालय में न बैठने से पेशियां बढ़ रही है और कई किलोमीटर दूर से आने वाले किसान तहसीलों के चक्कर लगा रहे हैं। साथ ही आय,जाति व निवासी प्रमाणपत्र के लिए भी लोग भटक रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया है कि प्रदेश के तहसीलदार, नायब तहसीलदार सिर्फ आपदा प्रबंधन, राहत के काम ही कर रहे हैं।

## न्यायिक - विभाजन मुद्दे पर छठवें दिन भी डटे तहसीलदार-नायब तहसीलदार

### प्रदेशभर में राजस्व अधिकारियों का विरोध, निरीक्षक संघ ने बताया न्यायोचित



**बैतूल।** छठवें दिन भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायिक तथा गैर-न्यायिक विभाजन के खिलाफ अपने विरोध पर अडिग हैं। 6 अगस्त से शुरू हुए इस आंदोलन में अधिकारी जिला मुख्यालयों पर उपस्थित रहकर आपदा प्रबंधन को छोडक़र बाकी सभी कामकाज रोक चुके हैं। मध्यप्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ बैतूल ने भी इस आंदोलन को न्यायोचित बताते हुए नैतिक समर्थन दे दिया है। मध्यप्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ बैतूल ने अपने समर्थन पत्र में स्पष्ट किया है कि यह मुद्दा पूरी तरह न्यायोचित है और संवर्ग हित में उचित है। संघ ने कहा है कि वह तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार संवर्ग के विरोध स्वरूप आंदोलन का नैतिक समर्थन करता है। आंदोलन के छठवें दिन भी अधिकारी अपनी मांगों पर अडिग हैं।

### 12 को नपा निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा

**बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज 12 अगस्त को आठनेर में दोपहर 2 बजे आठनेर में विशाल तिरंगा यात्रा निकलेगी। तिरंगा यात्रा में निकाय क्षेत्र के सभी शासकीय विभाग, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि गण शामिल होंगे। नगर परिषद की अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप ने बताया कि तिरंगा यात्रा आठनेर नगर के मुख्य मार्गों से होकर स्थानीय पुलिस ग्राउंड पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन किया जाएगा। श्रीमती जगताप ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं माता-बहनों से इस यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

## शाहपुर और बैतूल के बीईओ को निलंबित किए जाने के दिए निर्देश

# लंबित पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण तय करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कक्षा 9वीं से 12वीं तक के जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दिए।

उन्होंने बैठक में नामांकन एवं साइकिल वितरण की जनपदवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नामांकन और साइकिल वितरण में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और आठनेर, शाहपुर और बैतूल के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नामांकन और साइकिल वितरण की मॉनिटरिंग में लापरवाही पर जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव संभागायुक्त नर्मदापुरम को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने उद्यानिकी फसलों की गिरदावरी किए जाने की पिछली बैठकों में दिए गए निर्देश के पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली। दिए गए निर्देशों का गंभीरता से क्रियान्वयन नहीं करने पर उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। समग्र ई केवायसी अभियान की जनपदवार व निकायवार समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ को ई-केवायसी के शेष लक्ष्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाहपुर एसडीएम को अपने क्षेत्र में समग्र ई केवायसी में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में लंबित पेंशन प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की और संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय जांच एवं न्यायालयीन प्रकरणों के कारण लंबित पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पेंशन प्रकरणों के निराकरण में रूचि नहीं लेने वाले संबंधित जिला अधिकारियों को नोटिस भी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने वन व्यापवर्तन के लंबित प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही करने वाले जिला अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने एवं प्रकरणों को निरस्त किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विभागवार समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे जन शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता युक्त और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा कर सभी एसडीएम को निर्देशित किया।



## देशभक्ति के गीतों और देशप्रेम के नारों से गूंजा बैतूल

# राष्ट्रीय ध्वज की आन-बान-शान में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा



**बैतूल।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहर की सडक़ों पर राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए, देशभक्ति के गीतों और नारों की गूंज ने वातावरण को देश प्रेम से सराबोर कर दिया। इस भव्य यात्रा में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, सुधाकर पवार, आनंद प्रजापति सहित कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, समाजसेवी और बड़ी संख्या में नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक देश भक्ति धुनों ने यात्रा के जोश और उमंग को दोगुना कर दिया। तिरंगा यात्रा पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर नेहरू पार्क, जिला अस्पताल मार्ग, कोठी बाजार पेट्रोल पंप, शिवाजी चौक होते हुए पुनः पुलिस कंट्रोल रूम पर संपन्न हुई।

कलेक्टर ने बताया कि 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न देशभक्ति और स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों और पंचायतों में भी तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। एसपी झारिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान को नमन करना और नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम व कर्तव्यनिष्ठा की भावना जागृत करना है।

## नर्मदांचल में शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान, शान से लहरा रहा तिरंगा

# राजा भभूत सिंह महाविद्यालय पचमढ़ी में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज

नर्मदांचल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके तहत हर नगर और तहसील स्तर पर रैली और जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

आज राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय ३हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वच्छता का उत्सव, स्वच्छता के संग३ रखा गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रभारी प्राचार्य दीपाली जैन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए तिरंगे की आन, बान और शान को कायम रखने की बात कही। तत्पश्चात सुरेश कुमार दहीकर द्वारा तिरंगे के तीन रंगों की महत्वत्ता का वर्णन किया गया। कार्यक्रम में बी ए द्वितीय वर्ष की गरिमा टिकार ने अपनी सुंदर कृति के माध्यम से पोस्टर बना कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ शाफ़िया जहरा तथा जितेंद्र पाल, सद्धान सा, ललित कुमार सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहे।

### पचमढ़ी में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता रैली

शासन के निर्देशानुसार तथा प्राचार्य श्री मनीष गुप्ता के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के एन सी सी कैडेट्स, छात्र - छात्राओं , व शिक्षक - शिक्षिकाओं के द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता रैली निकाल कर समाज व लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रयास किया। अपने आप पास स्वच्छता बनाए रखें, पानी जमा न होने पाएं,ध्वज संहिता का पालन करें। रैली विद्यालय से आरंभ होकर वल्लभ गंज, भगतसिंह चौराहे से होते हुए पुनः विद्यालय वापस आई । रैली में शिक्षक आर एन श्रीवास, संतोष यादव, एन सी सी प्रथम अधिकारी किसन लाल उइके,राकेश यादव, धर्मेंद्र पानसे, पूजा साहू,मनीषा परमाल, ज्योति यादव, पल्लवी साहू, रूपाली तोमर,मीरा पाल इत्यादि उपस्थित रहे।




### जनपद पंचायत माखननगर में निकाली गई जागरूकता रैली

**नर्मदापुरम।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत कलेक्टर सोनिया मीना एवं सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा है जिसमें स्वच्छता शपथ ग्रामों में रैली ग्रामो में साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा। जनपद पंचातय नर्मदापुरम एवं जनपद पंचायत माखननगर दोनों जनपदों में प्रत्येक पंचायत में अभियान चलाया जा रहा है इसी तारमम्य में आज ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें श्रमदान, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली आदि का अयोजन किया गया साथ ही आज दोनों जनपदों में वर्चुअल बैठक कर ग्राम पंचायतों में की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की एवं 15 अगस्त तक इस अभियान को वृहद पैमाने पर चलने के निर्देश दिये ।




### हर घर शान के साथ लहराया जाए तिरंगा :विजयपाल सिंह

**सेमरी हरचंद।** प्रत्येक देश वासी के घर पर तिरंगा सम्मान और शान से लहराए तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ ठाकुर विजय पाल सिंह ने अभियान की शुरुआत इन शब्दों के साथ की नगर में अभियान की शुरुआत में ठाकुर विजयपाल सिंह ने नगर वासियों के घर अपने हाथ से तिरंगा लगाकर जन अभियान का शुभारंभ किया हर घर तिरंगा अभियान में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह के साथ सरपंच चेतन मीना भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय मंगेश महेश्वरी साहब सिंह पटेल बद्री कुशवाहा, संजू साहू मनमोहन अग्रवाल धनीराम मौर्य भावेश दुबे ,हेमंत भूतड़ा आशुतोष तिवारी उदित मीना शुभम अग्रवाल कल्लू कुशवाह समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।



# दौड़ती बस का टायर फटा, टली दुर्घटना, देर तक परेशान हुए यात्री, करनपुर के पास हुई घटना

### यात्रियों की मांग- जिले में संचालित यात्री वाहनों की समय-समय पर हो जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पिपरिया एवं सोहागपुर के बीच सोमवार दोपहर एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची, क्योंकि चलती बस का टायर फट गया। जैसे-तैसे चालक ने बस पर नियंत्रण पाया, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

जगदीश पटेल निवासी रेवा बनखेड़ी ने बताया कि वे सोमवार दोपहर सवा बजे शोभापुर जा रहे थे तो उन्होंने देखा कि करनपुर गांव के समीप कुछ यात्री खड़े हैं एवं सड़क किनारे बस खड़ी है। पूछताछ में यात्रियों ने पटेल को बताया कि बस का टायर चलते-चलते फट गया था और बड़ी गंभीर दुर्घटना घट सकती थी। यात्रियों ने बताया कि शिवशक्ति बस सर्विस की गाड़ी क्रमांक एमपी 05 पी 0445 पिपरिया से नर्मदापुरम जा रही थी। तभी ग्राम करनपुर के पास बस का टायर फट गया। गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची। लगभग 2:16 तक यात्री परेशान होते रहे लेकिन बस कंडक्टर ना तो यात्रियों को अन्य आती बसों में बिठा रहा था, ना ही किराए की राशि वापस कर रहा था। बहुत बहस के बाद माखननगर तथा नर्मदापुरम के यात्रियों को किराए से बची हुई राशि वापस की गई। लेकिन सोहागपुर के यात्रियों को किराया वापस नहीं किया गया।

### कहां हैं जांच करने वाले ?



यात्रियों के अनुसार नर्मदापुरम जिले में संचालित अधिकतर निजी बसों की हालत बहुत खराब है। बस चालक व कंडक्टर यात्रियों से ढंग से बात नहीं करते हैं तथा मनमानी करते हैं। निजी बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, टायर, दरवाजे, खिड़की और पूरी बॉडी आदि की जांच समय-समय पर संबंधित विभाग द्वारा की जानी चाहिए। लेकिन नागरिकों का सवाल है कि जांच करने वाले आखिर हैं कहां? नागरिकों ने सुधार की अपेक्षा जिला प्रशासन से की है।

### सिलारी उद्यान में नहीं है समुचित व्यवस्था




**पिपरिया।** जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत सिलारीमेसहायक संचालक उद्यानिकी विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारी नहीं है। लगभग १००एकड का फार्म हाउस में लगभग १९लोगो का स्टाफ होना आवश्यकहै।पर वर्तमान में खापरखेड़ा उद्यान में अधीक्षक नहीं है जिसका प्रभारी उद्यान अधीक्षक गोपाल पटेल को बनाया गया है। रामपुर उद्यान अधीक्षक सुभाष चंद्र पंवार को बनाया गया है। लेखापाल नहीं है। पचमढ़ी के गिरी बाबू को प्रभारी बनाया गया है।आर एच ई ओ नहीं है। उद्यान अधीक्षक नहीं है।अभी वर्तमान सहायक संचालक भी राजधानी भोपाल से राजकोट एक्सप्रेस से अप-डाउन करती है। मुख्यालय पर नहीं रहती है। श्रमिक को कंम्पयूटर आपरेटर काम कराया जा रहा है। श्रमिक से पौधे खरीदी केंद्र का प्रभारी बनाया गया है। जबकि पूर्व में आर एच ई ओ ,2 लेखापाल, उदयान अधीक्षक हुआ करते थे। पर अभी कोई नहीं है। जबकि सहायक संचालक ने 5 करोड रुपए खर्च करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था। पर अब विनाश हो जाएगा ऐसा प्रतीत होता है। शासन को विचार करना चाहिए।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, पुलिस प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

फरियादी 45 वर्षीय प्रशांत रघुवंशी पुत्र धनसिंह रघुवंशी निवासी नवलगांव ने इस आशय की प्राथमिकी पुलिस में दर्ज कराई है। फरियादी ने साहब रघुवंशी, आशीष रघुवंशी एवं प्रिंस रघुवंशी तीनों निवासी ग्राम रानी पिपरिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके अनुसार अजय रघुवंशी निवासी रानी पिपरिया की मां फरियादी की रिश्ते में बहन लगती है। 10 अगस्त 2025 को फरियादी अपने जीजा के घर रानी पिपरिया बहन से राखी बंधवाने गया था। रात 10:30 बजे आरोपीगण घर के सामने आए और पुरानी प्लाट की रंजिश को लेकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। अजय ने बाहर आकर गालियां देने से मना किया तो तीनों ने अजय से मारपीट की। अजय के चिल्लाने की आवाज सुनकर फरियादी और केशव रघुवंशी बचाने पहुंचे तो केशव के साथभी आरोपियों ने मारपीट की अजय एवं केशव को चोटें आई हैं। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी वहां से चले गए। पुलिस ने मामले में मारपीट व अन्य धाराओं का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार लड़ाई में आरोपियों को भी चोटें आई हैं। फरियादी व आरोपी को नर्मदापुरम इलाज के लिए भेजा गया है व प्रकरण विवेचना में लिया है।

### मूंग खरीदी की जांच के लिए जनपद उपाध्यक्ष ने लिखे अधिकारियों को पत्र

**पिपरिया।** मध्यप्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकारके के दारा नैफेड एवं मार्कफेड कंपनी को मूंग खरीदी के निर्देश दिए गए थे। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का कार्य ९सेवा सहकारी समिति के माध्यम से की गई थी।पडरखा वेयरहाउस में अमानक मूंग खरीदी गई मूंग पकड़ी गई है। वेयरहाउस सील कर दिया गया है।इसी तरहसे सेवा सहकारी समिति सांडियाकेदारा इंद्रेश वेयरहाउस में खरीदी की गई थी।इस खरीदी गई मूंग पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने सवाल उठाए हैं। तथा उन्होंने जिला कलेक्टर नर्मदापुरम संभाग, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारीनिराली आर्य, प्रबंधक वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन, तहसीलदार महेंद्र सिंह , एवं नैफेड कंपनी को पत्र लिखकर इंद्रेश वेयरहाउस की जांच कराई जाए।उनका आरोप है कि सर्वेयर सेवा सहकारी समिति सांडियाकेदारा १०००रूपे किवंटल के मान से पैसा वसूल किया गया है। तथा जानबूझकर अमानक मूंग खरीदी गई है।उसकी जांच कराई जाए तथा वेयरहाउस प्रबंधक एवं सर्वेयर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जावे। उन्होंने बताया कि लगभग 500 किवंटल मुंग का पंजीकरण २५जुलाई से ६अगसत तक कराएं गए थे। पर मूंग खरीदी नहीं गई।

# खाद के लिए सुबह से लाइन में लगे, बस टोकन मिला, यूरिया की किल्लत किसानों के लिए बन रही परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



यूरिया के लिए सोमवार को एक हजार से अधिक किसान खेड़ा स्थित डीएमओ कार्यालय पहुंचे। किसानों ने बताया कि पिछले कई दिनों से आ रहे, लाइन में लगते और वापस चले जाते। इस विषय में डीएमओ कार्यालय के संतोष जोहर का कहना है कि एक हजार टोकन बांटे और पिछले दिनों के टोकन वाले करीब दो से ढाई सौ किसानों को खाद दी है। आज जिनको टोकन मिले, उनको कब खाद मिलेगी, इस सवाल का वे ठीक जवाब नहीं दे सके। केवल यही कहा कि स्टॉक जैसा रहेगा, उसके अनुसार वितरण होगा।

सोमवार को करीब एक हजार किसान धूप में लाइन लगे रहे। कुछ किसानों ने कहा कि वे यहां लाइन में लगने के लिए सुबह 4 बजे घर से निकले थे, ताकि पहले नंबर आ सके। कुछ किसान सुबह 8 बजे तक पहुंचे। यहां उनको केवल टोकन ही मिले हैं, यूरिया कब मिलेगी, इसका कोई भरोसा नहीं है। किसानों ने कहा कि सरकार को यूरिया की वितरण व्यवस्था सुधारना चाहिए। स्थानीय अधिकारियों को भी इस ओर ध्यान देकर अपनी मौजूदगी में यूरिया का वितरण कराना चाहिए। हालाकि प्रशासन द्वारा विभागों को व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गये हैं।

जहां से टोकन वितरण हो रहा है, वहां किसानों को लाइन में खड़े होने के लिए न तो छांव की और ना ही पीने के पानी की कोई व्यवसाि है। किसान पानी पीने के लिए यहां-वहां भटकता है और घंटों धूप में खड़े रहकर अपने नंबर का इंतजार करता है। आज भी सुबह से बही लेकर भूखे-प्यासे घंटों लाइन में लगे रहे।

ग्राम तीखड़ से आए किसान योगेन्द्र साहू का कहना था कि वे पिछले चार दिन से रोज आकर लाइन में लग रहे हैं, उनको न तो टोकन मिला और ना ही यूरिया। आज फिर आए हैं और आज उम्मीद है कि टोकन मिल जाएगा। यूरिया कब मिलेगी, इसका फिलहाल पता नहीं है। सरकार को यूरिया वितरण की व्यवस्था सुधारना चाहिए।

#### बुजुर्ग, बीमार भी लगे लाइन में

ग्राम खटामा के किसान विनोद बारीवा का कहना है कि सुबह से यहां आकर लाइन में लगे हैं। दोपहर हो गयी है, कब नंबर आता है, पता नहीं। लेकिन, व्यवस्था ठीक नहीं है। न छांव है और ना पानी की व्यवस्था यहां बुजुर्ग और बीमार सभी लाइन में लगे हैं, क्योंकि फसल के लिए यूरिया लेने की मजबूरी है।

#### अगस्त के पहले हफ्ते वालों को नहीं मिली

ग्राम भट्टी के नितिन चौधरी ने कहा कि अगस्त के पहले हफ्ते में जिन लोगों को टोकन मिला था, उनको ही अब तक यूरिया नहीं मिल सकी है। उन्होंने कहा कि कुछ किसान तो जुलाई के भी हैं, जो यूरिया नहीं ले सके हैं। आज भी सुबह 6 बजे से आए हैं, लेकिन इतनी भीड़ देखकर चिंता है कि यूरिया मिलेगी कि नहीं।

#### सोसायटी से मिलना चाहिए

डीएमओ में आए ज्यादातर किसानों ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार सोसायटी से यूरिया वितरण की व्यवस्था कर दे कि समस्या का काफी हद तक निदान हो सकेगा। मलोथर के श्याम किशोर लौवंशी का कहना है कि यहां के अलावा सोसायटी से वितरण की व्यवस्था हो तो सभी जगह भीड़ कम हो जाएगी।

# शाउमावि में साइकिल वितरण समारोह हुआ, पहुंचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में बालक एवं कन्या संकुल के अंतर्गत आने वाले छात्र-छात्राओं के साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर विजयपाल सिंह ने अपने उद्बोधन मैं उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा -असफल होने पर पर छात्र-छात्राएं निराश ना हो कड़ी में मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी।

इस दौरान स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माधमिक शाला प्रांगण में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ठाकुर विजय पाल सिंह ने शासकीय बालक शाला एवं शासकीय कन्या शाला संकुल के अतर्गत कक्षा छठवीं के 76 छात्र छात्राओं एवं कक्षा नौवीं के 205 छात्र-छात्राओं सहित कल 281 छात्र-छात्राओं को पुष्प हार पहना कर साइकिल वितरण के साथ बच्चों को अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित कर शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम मे शिक्षा विभाग के सोहागपुर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राकेश रघुवंशी ,शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला प्राचार्य शीला चौधरी, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक प्राचार्य संतोष ठाकुर एवं बालक तथा कन्या संकुल के अंतर्गत आने वाले समस्त स्कूलों के प्रभारी प्राचार्य प्रधान अध्यापक एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साइकिल वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सेमरी हरचंद भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय सरपंच चेतन मीना ,महामंत्री राघव पटेल, मंगेश माहेश्वरी, समाजसेवी बी एम पचौरी ,साहब सिंह पटेल, राजेंद्रशर्मा ,मनमोहन अग्रवाल ,धनीराम मोर्य ,संजू साहू आदि मौजूद रहे।

### अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित लोगों को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे

**नर्मदापुरम।** ,अगस्त,2025/ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत राशि वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय-समत्व से जुड़कर हितग्राहियों से संवाद करेंगे और उन्हें राहत राशि प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़ेंगे और हितग्राहियों से संवाद करेंगे एवं प्रभावित लोगों को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित की जाएगी, जिसमें जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति और अन्य क्षतियों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। प्रभावित ग्राम पंचायतों/ग्रामों में राज्य स्तरीय एनआईसी कक्ष से मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन/संवाद के सीधे प्रसारण को देखने और सुनने की व्यवस्था की जाएगी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

E-mail: cmoseonimalwa@mpurban.gov.in, कार्यालय दूरभाष 220249-07570, 220250

क्रमांक .2864/स/न.पा./2025 सिवनी मालवा दिनांक 11/08/25

// प्रथम ई- निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद द्वारा सर्वसाधरण सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा स्वामित्व के नीचे दर्शित क्रमांक 1 से लेकर 4 तक (जिस स्थिति में है उसी स्थिति में) 2 वर्ष 11 माह समय अवधि तक पुनः कार्य संतोष जनक होने पर 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ बढ़ते क्रम में पुनः 2 वर्ष 11 माह फिर पुनः 2 वर्ष 11 माह ऐसे कुल 9 वर्ष 11 माह हेतु अस्थाई लीज अवधि हेतु ऑनलाईन निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है। जिस पर दिनांक 08/08/2025 से 08/09/2025 तक निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने की स्थिति में संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाइट पर ही किया जावेगा, समाचार पत्र में किसी भी प्रकार की कोई विज्ञप्ति नहीं दी जावेगी।

| क्र. | टेण्डर क्रं. | स्थलों का विवरण / कार्य का विवरण | न्यूनतम दर वार्षिक दर | अमानत राशि | तकनिकी निविदा खोलने की तिथि | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _442987_1 | खेडापति मंदिर के पीछे मागंलिक भवन, पार्किंग, इन्डोर स्टेडियम | 300000/- प्रतिवर्ष | 50000/- | 10.09.2025 | 11.09.2025 |
| 2 | 2025_UAD _443044_1 | श्यामाप्रसाद मुखर्जी पार्क में व्यायाम शाला हाल / भवन | 200000/- प्रतिवर्ष | 50000/- | 10.09.2025 | 11.09.2025 |
| 3 | 2025_UAD _443076_1 | हनुमान मंदिर के सामने हरदा नाका काम्प्लेक्स प्रथम तल भवन | 100000/- प्रतिवर्ष | 25000/- | 10.09.2025 | 11.09.2025 |
| 4 | 2025_UAD _443107_1 | वीर सावरकर शापिंग काम्प्लेक्स हाल | 150000/- प्रतिवर्ष | 25000/- | 10.09.2025 | 11.09.2025 |
| 5 | 2025_UAD _443115_1 | जवाहर शापिंग काम्प्लेक्स में स्थित द्वितीय तल भवन | 84000/- प्रतिवर्ष | 25000/- | 10.09.2025 | 11.09.2025 |

नोट :- अन्य जानकारी म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल की बेवसाईट पर एव विभाग की वेबसाईट www.mpurban.gov.in देखी जा सकती है एवं आवश्यक जानकारी एवं शर्ते नगर पालिका सिवनी मालवा की राजस्व शाखा में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

1. ऐसे व्यक्ति जो निकाय सि. मा. के बकायादार है अथवा पूर्व में दुकानों/अन्य संपत्ति/भवन का आवंटन एवं अनुबंध निष्पादन नही कराया है उनकी निविदा को निरस्त करने का अधिकार निकाय को रहेगा।
2. निविदा स्वीकृति पश्चात वार्षिक स्वीकृत दर का 20 प्रतिशत एफ.डी.आर / बैंक सॉल्वेंसी / बैंक गारंटी जमा करना अनिर्वाय होगा।
3. प्रथम वर्ष में स्वीकृति उपरांत अनुबंध के समय प्राप्त दर की संपूर्ण राशि जमा की जाना अनिवार्य होगा एवं अगामी वर्ष में माह मार्च में संपूर्ण प्राप्त दर को जमा करना अनिवार्य होगा सर्शत।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा

## भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का ज्ञापन

# कॉलेज की व्यवस्था में हो सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय एमजीएम पीजी कॉलेज की इमारत और सुविधाओं में खामी से छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से जुड़े छात्र नेताओं का कहना है कि कॉलेज का चैनल गेट पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिम उपकरण धूल खा रहे हैं और टॉयलेट का गेट बंद कर उस पर बेंच रख दी गई है ताकि कोई अंदर न जाए।

एमजीएम कॉलेज एनएसयूआई अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि कई जगहों पर लैंटर और दीवारें गिरने की स्थिति में हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

छात्रों ने कॉलेज प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है, यदि तय समय में गेट, इमारत, जिम और शौचालय की मरम्मत नहीं कराई गई तो एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्र कॉलेज का घेराव करेंगे। इस मौके पर नमन पटेल, प्रज्ञान साहू, युवराज चौधरी, गोपाल नामदेव, कृष्णा चौधरी, हिमांशु चौधरी, चिन्मय नामदेव सहित एनएसयूआई के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थाना प्रभारी ने बेटियों को दी सुरक्षा की सौगात

**इटारसी।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने मुस्कान संस्था पहुंचकर सभी बेटियों को भाई के रूप में रक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर बेटियों ने थाना प्रभारी को राखी बांधी। श्री बुंदेला ने कहा कि वे लगातार मुस्कान परिवार से जुड़े रहकर बच्चियों के अधिकारों एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यक्रम में संस्था संचालक मनीष ठाकुर भी मौजूद रहे। टीआई श्री बुंदेला ने यहां रह रही बेटियों को रक्षाबंधन के अवसर पर, सुरक्षा और संरक्षण के लिए दिया वचन दिया। इस कार्यक्रम में, बच्चियों ने टीआई श्री बुंदेला को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की।टीआई ने भी बच्चों को उपहार दिए और उनकी रक्षा का वचन दिया।

# नपा के सफल 3 साल कार्यकाल पूर्ण होने पर दी गई हार्दिक बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल के कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा से मुलाकात करते हुए कहा कि उनके * वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। उनके द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव केद्वारा तथा वीडी शर्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं सभी पार्षदों के सहयोग से लगभग 50 लाख के कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।सांडियारोड, शोभागपुरा रोड, पचमढ़ी रोड, सीमेंट रोड सभी मुख्य मार्ग पर काया कल्प योजना में शामिल कर चौड़ा किया और फिर भी दुकानदार को किसी प्रकार से परेशानी नहीं होगी इस बात को ध्यान में रखतेहुए सभी मार्गो पर काम चल रहा है निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है पर विकास चल रहा है। नीना नवनीतनागपाल ने बताया कि मुख्य मार्ग किनारे बैठे दुकान वालों को गुमटी प्रदान की गई है। सिर्फ लागत की राशि जमा करके।शोभापुर रोड स्थित बस स्टैंड पर काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य पूरा कर दुकान दारो को दुकान प्रदान की है।

## दुकानदारों से कहा कि वे दुकानों से निकलने वाला कचरा गाड़ी में डालें

# कचरा फेंकते पाए जाने पर लगेगा जुर्माना, सीसीटीवी से करेंगे पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार को हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत एसडीएम अशोक डेहरिया और सीएमओ कमलेश पाटीदार ने नगर के प्रमुख चौराहों की सफाई की। नगर पालिका की टीम ने नई सब्जी मंडी, टांक चौराहा और पोस्ट ऑफिस चौराहा साफ किया। अधिकारियों ने आसपास के दुकानदारों को समझाइश दी। उन्हें चेतावनी दी गई कि अगली बार कचरा फेंकते पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। दुकानदारों से कहा गया कि वे अपनी दुकानों से निकलने वाला कचरा सीधे कचरा गाड़ी में डालें। सीएमओ पाटीदार ने बताया कि चयनित स्थानों पर सफाई के बाद भी कचरे का ढेर लग जाता है। इसलिए दुकानदारों से उनकी दुकानों के सीसीटीवी फुटेज मांगे गए हैं। इससे कचरा फेंकने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जा सकेगी। स्वच्छता अभियान प्रभारी किरण राठौर और उपेन्द्र कलोसिया अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। अभियान 8 से 15 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान पूरे नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।



### स्वच्छता गतिविधियां आयोजित

देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक ह्रहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताह्न अभियान मनाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा शहर के तीन स्थान पोस्ट ऑफिस चौराहा, टांक चौराहा तथा नई सब्जी मण्डी के पास सफाई के लिये श्रमदान किया गया तथा दुकानदारों व रहवासियों को साफ-सफाई बनाये रखने की समझाईश दी गई। इस अवसर पर एसडीएम अशोक डेहरिया, जनप्रतिनिधि संदीप पाराशर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार, स्वच्छता अभियान प्रभारी किरण राठौर सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर सेल्फी पाईन्ट स्थापित किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि गत दिवस जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान शुभारंभ किया था।

## खबर संक्षेप

### बाइक व तिरंगा यात्रा आज निकाली जाएगी

**हरदा।** देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज 12 अगस्त मंगलवार को बाईक रैली व तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। तिरंगा रैली दोपहर 2 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर जिला चिकित्सालय, तिवारी कोचिंग चौराहा, सब्जी मंडी, प्रताप टाकिज चौराहा, अंकुर प्रोविजन गली, खेत वाली माता मंदिर होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय में सम्पन्न होगी। इसी प्रकार बाईक रैली शाम 4 बजे से मिडिल स्कूल ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर तिवारी कोचिंग, अस्पताल चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, राठी पेट्रोल पम्प, नारायण टॉकीज, चाण्डक चौराहा, घंटाघर, खेड़ीपुरा नाका, बायपास चौराहा, प्रताप टॉकीज, सब्जी मंडी होते हुए मिडिल स्कूल ग्राउण्ड पर सम्पन्न होगी।

### 24 घंटों में जिले में 0.7 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 0.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 3.1 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 0.5 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 648.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 590.3 मि.मी., टिमरनी में 813.4 मि.मी., खिरकिया में 732.9 मि.मी., सिराली में 535.9 तथा रहटगांव में 568.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 11 अगस्त तक 629.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्राओं के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** शासन के धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिले से दो यात्राओं का आयोजन किया जाना है। जिसमें वाराणसी-आयोध्या यात्रा 13 अगस्त से 18 अगस्त तक एवं तिरूपति यात्रा 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजन किया जाना हैं। तीर्थ यात्रियों की उम्र पुरूष की 60 वर्ष एवं महिला की 58 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए एव उन्हें सहायक की पात्रता होगी। यदि जिले में आवंटित निर्धारित कोटा से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसी स्थिति में यात्रियों का चयन कम्प्यूटराइज्ड लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में कही।

## यूरिया नहीं मिला तो नाराजगी

# किसान कलेक्ट्रेट पहुंच गए लगाया भेदभाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार को किसानों को यूरिया बांटने के लिए प्रशासन ने व्यवस्था की। सुबह डीएमओ और एमपी एग्रो के गोदाम से 344 किसानों को टोकन दिए गए। एक किसान को 10 बोरी यूरिया दिया गया। बाकी का खाद सोसाइटी से मिलेगा। दोपहर में कई किसानों को यूरिया नहीं मिला, तो वे नाराज होकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। कुछ छोटे किसानों ने भेदभाव के भी आरोप लगाए। साथ ही किसानों ने प्रदर्शन और धरना किया। किसान सूरज पंवार ने कहा कि कुछ बड़े किसानों को 100-100 बोरी यूरिया मिला, जबकि छोटे किसानों को 5 बोरी भी नहीं मिली। इसके बाद एसडीएम अशोक डेहरिया और कृषि उपसंचालक जवाहरलाल कास्दे ने किसानों से बात की। फिर कलेक्ट्रेट से 256 और टोकन बांटे गए। डीएमओ गोदाम में 8200 बोरी यूरिया है। इसमें से 6000 बोरी टोकन के जरिए दी जाएंगी और बाकी सोसायटी के माध्यम से मिलेगी। कलेक्ट्रेट में टोकन मिलने की खबर फैलते ही किसानों की भीड़ बढ़ गई। व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएमओ का एक कर्मचारी लाइन में लगाया गया और पांच काउंटर से यूरिया बांटा जा रहा है।

### इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची आरएसआई और केंद्रीय विद्यालय

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में दो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया। इसमें आरएसआई-केन्द्रीय विद्यालय शामिल है। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इंटर स्कूल प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मैच खेले गए थे, इसमें पहला मैच केन्द्रीय विद्यालय और सेंट एनिस के मध्य खेला गया। इसमें केन्द्रीय विद्यालय ने सेंट एनिस को 1-0 से हराया। इस मैच में एक मात्र गोल रोहन ने केन्द्रीय विद्यालय की ओर से किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच आरएसआई और लुर्द माता के मध्य खेला।

## अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए

# स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों में छात्रों को मिलेगा विशेष भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी 15 अगस्त को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त समस्त प्राथमिक शालाएं, मदरसे एवं माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों के विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण कुमार इवने ने सभी एसडीएम, जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।

उन्होने निर्देशित किया है कि विशेष भोज में विद्यार्थियों को सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पुरी, हलवा तथा इसके साथ लड्डू का वितरण किया जावे। इस अवसर पर जनसहयोग प्रदान करने वाले नागरिक तथा जनप्रतिनिधियों को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जावे। यदि जनप्रतिनिधि भी जनसहयोग करना चाहें तो उनसे भी सहयोग प्राप्त किया जावे तथा जनसहयोग से प्राप्त राशि को 15 अगस्त को होने वाले विशेष भोज पर ही व्यय किया जावे। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री इवने ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करताना में आयोजित किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं एम्बी वाईन शॉप की दुकानें पूरे दिन बन्द रखी जायेंगी। इस अवधि में देशी व विदेशी मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## नवीन हाई स्कूल हरदा में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

# बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम समेत कई अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार को शासकीय नवीन हाई स्कूल नगर पालिका हरदा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम आदि अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया।



उन्होने इस दौरान नालसा आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण एवं प्रवर्तन हेतु विधिक सेवाएं योजना के तहत उनके कानूनी आधिकारों तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने अनुसूचित जनजातियां और अन्य पारंपरिक वनवासी वन-अधिकारों की मान्यता अधिनियम और अनुसुचित जाति एवं अनिसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीड़ितों को जिला प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। सचिव श्री राठौन ने बताया कि योजना के तहत ड्रग्स पीड़ितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। साथ ही ड्रग्स के खतरों एवं इसके उन्मूलन के प्रभावी उपायों के विषय में संवेदनशील बनाया जाता है। उन्होने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर या पत्र के माध्यम से अथवा नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर या 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता व सलाह आसानी से प्राप्त की जा सकती है। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में शिक्षकगण छात्र-छात्राएं एवं पैरालीगल वॉलेंटियर ज्योति तिवारी, एल. के. पारे आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

# झुंझुनूं जिले से वन क्लिक से किसानों को पिछले वर्षों का बीमा क्लेम का भुगतान किया गया



**हरदा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राजस्थान के झुंझुनूं जिले से वन क्लिक के माध्यम से पिछले वर्षों का बीमा क्लेम का भुगतान किया।

इस अवसर पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास, हरदा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम में किसानों को फसल बीमा के संबंध में जानकारी दी गई। उप संचालक कृषि श्री कास्दे ने बताया कि इस दौरान हरदा जिले में लगभग 88 करोड़ रुपए का बीमा क्लेम का भुगतान होगा। जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोत, कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष ललित पटेल, उपसंचालक कृषि जवाहरलाल कास्दे, सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल, भागवत सोलंकी, बीमा कंपनी से क्लस्टर मैनेजर जयदीप गौड़, जिला प्रतिनिधि लोकेश कुमार सैनी एवं किसान भाई मौजूद रहे। उप संचालक श्री कास्दे ने किसान भाइयों से अनुरोध किया कि खरीफ 2025 का बीमा करवाने की प्रक्रिया चालू है, जिसकी अंतिम तारीख 14 अगस्त है। जिन किसान भाइयों ने अभी तक बीमा नहीं करवाया है, वे जल्दी से जल्दी फसल बीमा करवा लें। प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई इस फसल बीमा योजना से की जाती है।

## बड़नगर पंचायत में भवन के लिए किया भूमि पूजन



**खिरकिया।** जनपद पंचायत खिरकिया के ग्राम बड़नगर में पंचायत भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने भवन निर्माण की शुरुआत की। जनपद उपाध्यक्ष मोहन सोलकी बडनगर सरपंच राहुल मालाजी विश्नोई कालयाखेडी सरपंच राधेश्याम निमखेडा सरपंच गोविंद वरिष्ठ भाजपा नेता देवराम दीपक माजु रामसुख, पूनम माजु दिनु सालाबैडी शेखर कावा सतोष सारन महेश सारन, पवन रामपाल सेठ कावा प्रताप सिंह सोलकी रामविलास सरपंच सहित बडनगर सालाबैडी भागपुरा के ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## कुबेरश्वरधाम पर भक्ति और आस्था का अदभुत संगम

# कंधे पर कांवड़ और 400 किमी की पैदल यात्रा बोल बम के जयकारे के साथ पहुंचे शिव भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर इन दिनों सावन के पश्चात भी भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा है। महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में कांवड़ लेकर श्रद्धालु पहुंच रहे है। हर तरफ हर-हर महादेव का जयकारा गूंज रहा है, कांवड़िए अपने कंधे पर कांवड़ लेकर आते-जाते दिख रहे हैं, हम आपको ऐसे कांवड़ियों के दल के बारे में बता रहे हैं, जो सैकड़ों किलोमीटर दूर से कांवड़ में पवित्र जल लेकर भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए आए है और रविवार को इन श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ पूजा अर्चना की ओर बाबा का अभिषेक किया।



विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि महाराष्ट्र के अकोला निवासी राजेश ने बताया कि वह करीब 400 किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर धाम पर पहुंचे है। भव्य प्रतिमा से सुसज्जित करीब 200 किलो वजनी पालकी को कंधे पर उठाकर चलना, इन कांवड़ियों के लिए सिर्फ भक्ति का प्रतीक नहीं बल्कि भोलेनाथ की कृपा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पांच कांवडियों ने विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने कांवड लेकर पहुंचे इन श्रद्धालुओं का स्वागत और सम्मान किया।

दीक्षित ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की प्रेरणा से इस कलियुग में एक बार फिर से शिव युग की वापसी हुई है। देश और विदेश में भगवान शिव के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और सनातन धर्म मजबूत होकर उभर रहा है। रविवार को भादो का पहला दिन था और पंडित श्री मिश्रा ने भुजारिया पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं से भेंट की। सावन माह का समापन शनिवार को हो गया है इसके साथ ही भादों माह की शुरुआत हो गई है।

# सूखने लगी सोयाबीन की फसलः किसानों ने खेतों में प्रदर्शन कर सरकार से मुआवजा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

एक सप्ताह से वर्षा की कमी के कारण सोयाबीन की फसल खराब होने लगी है। इससे परेशान किसानों ने खेतों में खड़े होकर प्रदर्शन किया है। किसानों ने सरकार से फसल का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।



कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के क्षेत्र इछावर में सोयाबीन की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। इछावर के ग्राम खेरी में किसानों ने अपने खेतों में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों ने अभी तक खेतों का निरीक्षण नहीं किया है। आंकड़ों के अनुसार, सीहोर जिले में अब तक 647 एमएम बारिश हुई है। पिछले साल इसी अवधि में 748 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। इछावर क्षेत्र में इस साल अभी तक 614 एमएम बारिश हुई है। जबकि पिछले साल इसी समय 964 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। इछावर में इस वर्ष बारिश में काफी कमी आई है।